# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीतिअपार्टमेंट ,आई.पी.एक्सटेंशन,

पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२५-२६

| कक्षा:-7 | विषय: हिंदी कहानी संचय | पाठ:5 अतिथि का चमत्कार |
|---|---|---|

**प्रश्न 1. लक्ष्मी जी और विष्णु जी किसलिए धरती पर घूम रहे थे?**

**उत्तर 1:- लक्ष्मी तथा विष्णु जी भेष बदलकर धरती पर किसी व्यक्ति की परीक्षा लेने के उद्देश्य से घूमने आए ।**

**प्रश्न 2. धनवान व्यक्ति के द्वार पर पहुँचने पर उसने क्या कहा?**

**उत्तर 2:- धनवान के द्वार पर पहुँचने पर धनवान ने उन्हें यह कहकर भगा दिया कि "जाओ- जाओ यह भीखमंगों की सराय नहीं है। किसी और का दरवाज़ा खटखटाओ।**

**प्रश्न 3. झोपड़ी में आकर गरीब दंपत्ति ने उनकी आवभगत किस प्रकार की तथा जाते समय लक्ष्मी जी और विष्णु जी ने उन दोनों को क्या वरदान दिया?**

**उत्तर 3:- झोपड़ी में आकर गृहस्वामिनी ने उनकी आवभगत बहुत अच्छे से की। उन्हें अपने कपड़े पहनने को दिए । उन्हें गरम गरम बाजरे की रोटी खाने को दी तथा खुद नीचे सो कर**

उन्हें सोने के लिए चारपाई दी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर लक्ष्मी और विष्णु जी ने उन्हें यह वरदान दिया कि तुम आज जिस काम को शुरू करोगे वह शाम तक होता रहेगा।

प्रश्न 4. धनवान पड़ोसी क्यों परेशान हो गया तथा उसने उनसे क्या पूछा?

उत्तर 4:- झोपड़ी वालों की किस्मत पलटते देखकर धनवान पड़ोसी हैरान - परेशान हो गए । उनसे रहा न गया उन्होंने उन पति-पत्नी को अपने घर बुलाया और उनसे उनकी खुशहाली का रहस्य पूछा।

प्रश्न 5. लालच में आकर धनवान पड़ोसी ने क्या किया?

उत्तर 5:-लालच में आकर धनवान पड़ोसी ने हर बात में झोपड़ी वाले पति- पत्नी की नकल की। उन्हीं की तरह पुराने कपड़े बदलने को दिए और वही बाजरे की गरम -गरम रोटी उन्हें खाने को दी।

प्रश्न 6. इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?

उत्तर 6:-इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि व्यक्ति को अपनी हैसियत के अनुसार अतिथियों का स्वागत करना चाहिए।